ओ दुनियाँ में रहने वालों नाम हरि का लिया करो

ओ दुनियाँ में रहने वालों नाम हरि का लिया करो,
दिल दुःख जाए जिससे किसी का काम न ऐसा किया करो,
ओ दुनियाँ में रहने वालों नाम हरि का लिया करो

नाम हरी का लेने वाले ख़ुशी ख़ुशी दुःख सहते है,
जिस भी हाल में रखे डाटा उसी हाल में रहते है,
तुम सीखो सीख के जखम किसी के सिया करो,
दिल दुःख जाए जिससे किसी का काम न ऐसा किया करो,
ओ दुनियाँ में रहने वालों नाम हरि का लिया करो

धरम करम दो साथ चलेंगे धन दौलत नहीं जायेगी,
लालच करने वाले लालची अंत समय पछतायेंगे,
चाहते हो अगर नाम तो पहले शीशे जैसे किया करो,
दिल दुःख जाए जिससे किसी का काम न ऐसा किया करो,
ओ दुनियाँ में रहने वालों नाम हरि का लिया करो

दीन दुखी की सेवा करके प्रभु को खुश कर सकते हो,
पूजा पाठ तपस्या करके भव सागर पार कर सकते हो,
बन जाए तो इन हाथो से शुभ कर्मो को किया करो,
दिल दुःख जाए जिससे किसी का काम न ऐसा किया करो,
ओ दुनियाँ में रहने वालों नाम हरि का लिया करो

ये धरती एम्बर और चाँद सितारे उनके है,
हवा पानी फल फूल और पौधे सभी नज़ारे उनके है,
इसीलिए तो कहता हूँ सब अमृत जान के पिया करो,
दिल दुःख जाए जिससे किसी का काम न ऐसा किया करो,
ओ दुनियाँ में रहने वालों नाम हरि का लिया करो

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22250/title/o-duniya-me-rehne-valo-naam-hari-ka-liya-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |